तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **विजय देव** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353383389752384	
27/02/26	अपीलार्थी विजय देव निवासी डी–31–बी नेहरू पार्क रेल्वे आवास कॉलोनी, कमीश्नर ऑफिस के पीछे, जिला जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 09.02.2026 श्रीमती मनिला गहलोत द्वारा दिनांक 26.09.2025 को मंडोर थाने में शिकायत दर्ज करवाने एवं उक्त शिकायत व राजीनामें से संबंधित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी रिपोर्ट 251 दिनांक 16.02.2026 द्वारा अवगत करवाया है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व) जोधपुर से संबंधित होने के कारण कार्यालय के पत्र दिनांक 10.02.2026 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित करते हुए अपीलार्थी को सूचित कर दिया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील स्वीकार योग्य नहीं होने से खारिज की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.02.27 15:05:40 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20813980